Regarding need to set up research institutes for imparting technical education in Bhilwara for development in agriculture, mining and textile sectors-laid

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया **(**भीलवाड़ा**):** यह सर्वविदित है कि भीलवाड़ा में कृषि क्षेत्र में, खनन क्षेत्र में और वस्त्र उद्योग के क्षेत्र में वर्षों से हर श्रेणी के उद्योगों, व्यवसायों एवं आर्थिक गतिविधियों का बहुत विस्तार हुआ है । भीलवाड़ा संसदीय क्षेत्र की जनता का एक बहुत बड़ा हिस्सा इन तीनों क्षेत्रों से अपना रोजगार प्राप्त करता है और इन तीनों क्षेत्रों से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से संबंधित है । वर्तमान में मेरे संसदीय क्षेत्र के युवा भी बहुतायत में किसी ना किसी प्रकार से इन्हीं क्षेत्रों से जुड़कर स्वरोज़गार (आन्त्रेप्रेन्योरशिप) के रूप में प्रगति पथ पर बढ़ रहे हैं जिसमें माननीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा एवं उनकी बहुउद्देशीय योजनाओं का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है । मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि भीलवाड़ा में कृषि, खनन एवं वस्त्र उद्योग क्षेत्रों से संबंधित तकनीकी शैक्षणिक विकास एवं संसाधनों के संवर्धन के लिए नये अनुसंधान व शोध संस्थान खोले जाएँ जिससे जो भी नागरिक इन क्षेत्रों में कार्यरत हैं उनका तकनीकी उन्नयन हो सके, गुणवत्ता के साथ कम से कम समय में उत्पादन बढ़ सके एवं आमदनी भी बढ़ सके और भीलवाड़ा के लोगों का जीवन स्तर और अधिक उन्नत हो सके ।